# 'सीपीआर महत्वपूर्ण जीवनरक्षक प्रणाली'




जयपुर @ पत्रिका. नलिनी फाउंडेशन, एसएमएस मेडिकल कॉलेज ट्रोमा सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी में विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। 'सड़क सुरक्षा तथा जीवन बचाने के लिए' आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया। निदेशक मानसिंह शेखावत व प्राचार्य डॉ. बरखा रानी ने कहा कि दुर्घटना का शिकार अधिकतर युवा ही होते हैं। सीपीआर महत्वपूर्ण जीवनरक्षक प्रणाली है। प्रत्येक व्यक्ति को इसे सीखना चाहिए, ताकि घायल की जान बचाई जा सके।

## एसएमएस ट्रॉमा सेंटर के सहयोग से हुआ आयोजन

# नलिनी फाउंडेशन ने विधार्थियों को दी बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेंनिंग



**जयपुर, उज्जवल इण्डिया संवाददाता।** नलिनी फाऊंडेशन झालाना डूंगरी जयपुर द्वारा एसएमएस ट्रॉमा सेंटर के सहयोग से द्व.द्वरुरु रघुकुल कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन पीपला बाई बाढ़ गोनेर में बालक बालिकाओं को बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी गई। मास्टर ट्रेनर विजेंद्र कुमार और सीनियर नर्सिंग ऑफिसर देवेंद्र कुमार द्वारा विद्यार्थियों को यह ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर मानवेंद्र सिंह शेखावत और प्रिंसिपल डॉक्टर बरखा रानी द्वारा बताया गया कि इस तरीके के कार्यक्रम सभी कॉलेज में आयोजित होने चाहिए जिससे कि बढ़ती दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर मोहनलाल बैरवा द्वारा संस्था का परिचय देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। संस्था अध्यक्ष राधे गोविंद माथुर द्वारा विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी के नियमों के बारे में सुचारू रूप से समझाया गया व कार्यक्रम में संस्था से शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार व निकिता शर्मा द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष राधे गोविंद माथुर ने अतिथियों को सम्मानित किया।

# रैली के जरिए आमजन को किया जागरूक



**जयपुर @ पत्रिका**. गोनेर में एक कॉलेज की ओर से स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान आमजन को मौसमी बीमारियों डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड के रोकथाम व सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया गया। निदेशक मानवेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि कॉलेज प्रांगण से रैली की शुरुआत प्रोफेसर डॉ. प्रीति कच्छावा, कृष्ण कुमार धानका, वीरेंद्र सिंह ने की। गोनेर सरपंच मीना पटवा समेत अन्य मौजूद रहे।